श्री गिरधारी लाल भार्गव : मैं जयपुर से संबंधित कोई बात नहीं कर रहा हूं, बल्कि केन्द्रीय कर्मचारियों का जो कष्ट हैं, वह मैं आपके सामने बता रहा हूं। प्रसार भारती, दूरदर्शन और आकाशवाणी में तकनीकी और कार्यक्रम संबंधी कर्मचारियों को कई वर्ष पहले विशेष वेतन वृद्धि दी गई थी। लेकिन प्रसार भारती के अन्य कर्मचारियों को कोई वेतन वृद्धि अभी तक नहीं दी गई है। इसलिए सरकार से मेरा अनुरोध है कि इस तरह का भेदभाव समाप्त किया जाए और इस संबंध में तुरतं कार्रवाई की जाए।

इसी तरह से वर्ष 2003 में जो छठा वेतन आयोग गठित होना था, वह अभी तक गठित नहीं हुआ है। इसके पहले वर्ष 1993 में पांचवां वेतन आयोग गठित हुआ था, जिसके दस वर्ष के बाद यानी वर्ष 2003 में छठा वेतन आयोग गठित हो जाना चाहिए था, जो अभी तक गठित नहीं हुआ है। मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि छठा वेतन आयोग तुंत गठित किया जाना चाहिए।

मैं आपकी जानकारी में एक तथ्य और लाना चाहता हूं कि अप्रैल, 2004 से जो भी कर्मचारी केन्द्र सरकार में काम करेगा, उसके लिए पेंशन की राशि का प्रावधान नहीं किया गया है। इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि आकाशवाणी दूरदर्शन के कर्मचारियों के लिए विशेष वेतन वृद्धि, छठे वेतन आयोग का गठन और वर्ष 2004 के बाद केन्द्र सरकार में आने वाले कर्मचारियों के लिए पेंशन का न दिया जाना, इन तीनों विषयों के बारे में जो मैंने यहां निवेदन किया है, इस संबंध में केन्द्र सरकार निश्चित रूप से ध्यान देगी। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति बहुत आभार व्यक्त करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : जब तक हम हैं, आपको हर वक्त बोलने का समय मिलेगा।